>

Title: Need to provide share of water of District Bharatpur in Rajasthan.

श्री रतन सिंह (भरतपुर): सभापति महोदय, आपने महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। हरियाणा, उत्तर प्रदेश एवं राजस्थान राज्यों के मध्य हुए अनुबंधों के अनुरूप भरतपुर जिला, राजस्थान राज्य को 1281 क्यूसिक यमुना का पानी दिए जाने का निर्णय हुआ था। परन्तु अभी तक इस महत्वपूर्ण निर्णय की कोई पालना नहीं हुई है। भरतपुर में 800 क्यूसिक पानी लेने की क्षमता विद्यमान है। परन्तु वास्तविक तौर पर 250 क्यूसिक पानी ही गुड़गांव नहर एवं राजस्थान फीडर से मिल पाता है, जो 1281 क्यूसिक पानी का 19.5 प्रतिशत ही है। गुड़गांव नहर को दुरस्त कराने की तुंत आवश्यकता है, जिसकी राशि राजस्थान ने हरियाणा राज्य को 2.50 करोड़ रुपये जमा करा दी है। भरतपुर आने वाली नहर से गुड़गांव नहर में, हरियाणा राज्य में बहुत ही पानी की चोरी हो रही है, इसलिए इसे रोका जाना भी बहुत आवश्यक है। भरतपुर की वर्तमान विद्यमान क्षमता के अनुरूप 800 क्यूसिक पानी तुंत दिया जाये।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से जल संसाधन मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहता हूं कि शेष 481 क्यूसिक यमुना का भी पानी भरतपुर को शीघ्र दिलाया जाये, जिससे जिले के किसान लाभान्वित हो सकें और कृषि उत्पादन में वृद्धि हो सके। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।